# ग्रेटर नोएडा पुलिस ने गुरुग्राम में पकड़ी शराब फैक्ट्री, चार गिरफ्तार

Publish Date:Wed, 31 Oct 2018 08:00 PM (IST)



जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : जिला पुलिस व आबकारी टीम ने मंगलवार देर रात गुरुग्राम में चल रही नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पर छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि गुरुग्राम में लंबे समय से अवैध शराब फैक्ट्री चल रही थी। छापेमारी के दौरान दो हजार पव्वे नकली शराब, 200 लीटर शराब टैंक में भरी हुई, बार कोड व पांच हजार खाली बोतलें, शराब पै¨कग मशीन और कंटेनर बरामद किया है। पुलिस ने शराब तस्करी में एक ही परिवार के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित में दंपती व उनके दो बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने एक स्विफ्ट कार भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश किया, वहां से उनको जेल भेज दिया गया है। बरामद की गई शराब की कीमत तीन लाख रुपये बताई गई है।

एसएसपी डा. अजयपाल शर्मा ने बताया कि थाना नॉलेज पार्क पुलिस व आबकारी टीम ने मंगलवार शाम सात बजे परीचौक के पास से स्विफ्ट कार को रोका उसमें 30 पेटी देशी शराब पकड़ी गई। कार में एक परिवार के चार लोग सवार थे। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि शराब को हरियाणा के गुरुग्राम से लाकर बुलंदशहर के शिकारपुर में बेचने के लिए जा रहे थे। लेकिन शराब के पव्वे पर बार कोड और क्यूआर कोर्ड यूपी के लगे थे। यह स्कैन करने पर पता चला की शराब गुरुग्राम से बनी है और पै¨कग भी वहीं पर हुई है। इसके बाद आरोपितों से कड़ाई से पूछताछ की गई तो पता चला कि गुरुग्राम में अवैध शराब फैक्ट्री चल रही है। जिसके बाद पुलिस व आबकारी की टीम ने गुरुग्राम में छापेमारी कर अवैध शराब फैक्ट्री पकड़ी और भारी मात्रा में शराब बरामद की। पकड़े गए आरोपितों की पहचान तिलक राज भाटिया उनकी पत्नी ममता व उनका बेटी अनमोल भाटिया व बेटा ¨प्रस भाटिया निवासी फरीदाबाद बैठे थे। बेटा बीकॉम कर पढ़ाई छोड़ चुका है और बेटी अनमोल भाटिया बीए की छात्रा है।

---

मुख्य आरोपित हुआ फरार

गुरुग्राम के न्यू पालम विहार कालोनी पर रात फैक्ट्री पर दबिश दी। दबिश के दौरान अवैध शराब फैक्ट्री चलाने का मुख्य आरोपित वीरपाल निवासी बुलंदशहर फरार हो गया। उसकी तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला। बुधवार सुबह सात बजे पुलिस गुरुग्राम से वापस ग्रेटर नोएडा लौटी।

Posted By: **Jagran**

Source: [https://www.jagran.com/uttar-pradesh/noida-raid-in-gurugram-liquor-factory-18593407.html](https://www.jagran.com/uttar-pradesh/noida-raid-in-gurugram-liquor-factory-18593407.html)